दिनांक 22.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम में नियमित चतुर्थ वर्ग के कर्मचारीयो को प्रदान किया जा रहा है गरम कोट'

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर चतुर्थ वर्ग के 937 नियमित कर्मचारियों को गरम कोट प्रदाय किए जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

विगत दिनों हुए बेमौसम बारिश से तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड अत्यधिक बढ़ गई है जिसके लिए निगम प्रशासन द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के परंपरागत स्थलों के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार, बस स्टैंड ,रेलवे स्टेशन, मुसाफिरों के एकत्र होने वाले स्थानों पर रात्रि कालीन अलाव की व्यवस्था की गई है तथा चतुर्थ वर्ग के 937 नियमित कर्मचारियों को गरम कोट प्रदाय करने का काम किया जा रहा है।

आयुक्त सुंदरानी ने निगम भिलाई के चतुर्थ वर्ग के नियमित कर्मचारियों अपने निर्धारित पोशाक में आने के निर्देश दिए हैं तथा इन सभी कर्मचारियों के लिए पृथक–पृथक तरह के पोशाक की व्यवस्था निगम द्वारा की जाती है सभी चतुर्थ वर्ग की नियमित महिला कर्मचारियों के लिए आसमानी नीला रंग की साड़ी, हेल्पर चौकीदार एवं वाहन चालक पुरुषों के लिए खाकी पैंट शर्ट व पुरुष भृत्य के लिए सफेद पैंट शर्ट निर्धारित किया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी